## संक्षिप्त

### शिक्षण सामग्री वितरित

**अजमेर ।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा शैक्षिक प्रायोजन कार्यक्रम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना में अध्ययनरत लगभग 25 जरूरतमंद बालिकाओं को बैग और स्टेशनरी वितरित की गई। संस्थान के कोऑर्डिनेटर सरोज सांखला ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत संस्था द्वारा हर वर्ष जरूरतमंद छात्राओं को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है, जिससे कारण उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में सहयोग मिल सकेगा।

### सुर संगम में कलाकारों ने बांधा समां

**अजमेर ।** शहर का सुर संगम संगीत समूह के तत्वाधान में अजमेर के एक होटल में गानों का सफलतापूर्वक कार्यक्रम एडमिन दयाल प्रियानी के सानिध्य में आयोजित किया गया। प्रकाश जेठरा ने बताया कि कार्यक्रम मे कलाकारों की बेहतरीन 1990 के दशक के पुराने गानों की प्रस्तुतियो ने समा बांध लिया और झूमने व नाचने लगे। इस अवसर पर जे सी सिन्हा, धर्मेंद्र केवलानी, प्रकाश झमटानी, दयाल प्रियानी, प्रकाश जेठरा, गुलाब खत्री, लक्ष्मण चेनानी, मंजू चेनानी, अरविंद मिश्रा, पी एल खेतावत, कुमकुम जैन, किरण पंजवानी, आजाद अपूर्वा राजेंद्र चौहान महादेव कर्मवानी, प्रदीप गौड़, शंकरलाल धनवानी, नरेश विष्णु, हरीश मसंद, सुनील मनवाणी किशन लालवानी, विजय सोनी आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर मंत्र मुग्ध कर दिया।

### बैठक बुधवार को

**अजमेर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर को राजस्थान राज्य के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम घोषित किया है। इस संबंध में जन प्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बीएलए प्रथम के साथ जिला निर्वाचन अधिकारा लोक बन्धु की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति ककवानी ने दी।

# 45 साल से भाजपा में सक्रिय शम्भू शर्मा ने भाजपा को जमकर कोसा

■ आरएलपी प्रदेश सचिव की मौजूदगी में प्रेस से रूबरू

**मदनगंज-किशनगढ ।** भाजपा वरिष्ठ नेता शम्भू शर्मा ने अपनी उपेक्षा से आहत होकर आरएलपी का दामन थामते ही भाजपा को जमकर कोसा। प्रदेश सचिव रामस्वरूप चौधरी की मौजूदगी में प्रेस से रूबरू होते हुए शर्मा ने कहा पिछले 45 साल पहले जनसंघ से जुड़कर भाजपा में सक्रिय रहा, किंतु कुछ समय से आंतरिक गुटबाजी के चलते मेरे जैसे समर्पित कार्यकर्ता की उपेक्षा की जा रही है, आमजन से जुडी समस्याओ के समाधान कराने के लिये जब कभी आवाज उठाई जाती है तो सार्वजनिक स्थानों पर जलील कर जिम्मेदार लोग केवल आश्वासन के जरिये टरकाने में तत्पर रहते है। भाजपा में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रह चुके शर्मा ने कहा निरंतर पार्टी की सेवा करने के बावजूद उन्हें दरकिनार कर किया गया, भाजपा में कुछ चुनिंदा लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि जमीनी कार्यकर्ताओं की आवाज को कोई सुनने वाला कोई नहीं है। भाजपा में उनकी भूमिका केवल औपचारिकता मात्र बनकर रह गई थी, इसलिये दुखी होकर आरएलपी में शामिल होने का निर्णय लिया। पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में उन्हें वास्तविक राजनीतिक मंच मिलने के साथ सम्मान और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का मौका मिलेगा। प्रदेश सचिव रामस्वरूप चौधरी ने शम्भू शर्मा के आरएलपी में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की वरिष्ठ नेता शर्मा के आरएलपी परिवार में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी, आगामी नगर परिषद चुनाव में सभी 60 वार्डो में उम्मीदवार उतारे जायेंगे।प्रदेश मंत्री रामस्वरूप चौधरी ने इनका माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। इस दौरान कुचिल सरपंच शाहिद खान, श्रीगोपाल माहेश्वरी, कुसुम कोठारी, हरि संगारिया, राजेंद्र शर्मा, शिवप्रताप, जयकिशन चेची, सुनील, ऋषभ कुमावत, आबिद खान कादर खान, हनुमान, करतार सहित बड़ी संख्या में आरएलपी सदस्य मौजूद रहे।

## सम्मान निधि योजना का कार्यक्रम आज

**अजमेर ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त की राशि के हस्तानांतरित करने का जिला स्तरीय कार्यक्रम राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र तबीजी में बुधवार 19 नवम्बर को दोपहर एक बजे होगा। इसका राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम कोयम्बटूर तमिलनाडू में आयोजित किया जाएगा। अजमेर के जिला स्तर पर कार्यक्रम में इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसी तरह ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 21वीं किश्त के रूप में हस्तानांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर वन्दना खोरवाल को नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र तबीजी के निदेशक डॉ. विनय भारद्वाज एवं सहकारी समितियां के उप रजिस्ट्रार राजीव कजोत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

## घूमर फेस्टिवल आज

**अजमेर।** घूमर फेस्टिवल का आयोजन बुधवार दोपहर 3 बजे से सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होगा। राजस्थान की लोक संस्कृति का पर्याय घूमर नृत्य राजस्थान का गौरव एवं राज्य नृत्य है। घूमर नृत्य की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा राज्य स्तर पर घूमर फेस्टिवल का आयोजन बुधवार को आयोजित किया जाएगा। अजमेर संभागीय मुख्यालय पर जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में घूमर फेस्टिवल का आयोजन बुधवार दोपहर 3 बजे से सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। घूमर फेस्टिवल में 12 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं एवं महिला प्रतिभागियों के लगभग 35 समूहों एवं 100 एकल प्रतिभागिताएं होंगी। महोत्सव की व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर वन्दना खोरवाल को नोडल अधिकारी एवं पर्यटन विभाग के उप निदेशक कृष्ण कुमार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में वार्षिक खेल महोत्सव तक्ष 2025 जारी

■ छात्राओं के बीच रोमांचक मुकाबले

**अजमेर, (कासं)।** राजकीय महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव तक्ष 2025 के दूसरे दिन एथलेटिक्स, फील्ड इवेंट्स और इंडोर गेम्स में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। पूरे दिन छात्राओं में उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली। प्राचार्य डॉ. प्रकृति त्रिवेदी, खेलकूद प्रभारी डॉ. विजय शर्मा एवं सह-प्रभारी पवन इनानिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फील्ड इवेंट्स में प्रतिभागियों ने शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। शॉटपुट में रेनू जोधा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में हिरल विजेता और रेनू जोधा उपविजेता बनीं। हाई जंप में कुमकुम प्रथम तथा प्रीति द्वितीय स्थान पर रहीं। लॉन्ग जंप में भावना ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि खुशबू दूसरे स्थान पर रहीं। ट्रिपल जंप में शिवांगी ने स्वर्ण तथा प्रीति असवर ने रजत पदक जीता। स्प्रिंट और मिड-डिस्टेंस दौड़ में भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।


**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 18818134 दिनांक :- 16/11/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 42/2025-26**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि रु. 346.23 लाख की ई-निविदा दिनांक 24.11.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2526WSOB00179 - 00183

अधिशाषी अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/14072



**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक-न.पा.वि./निर्माण स्वी./2025/4683 — आम सूचना — दिनांक: 17-11-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 146 | महावीर प्रसाद माली पुत्र मिश्रीलाल माली | आबादी क्षेत्र भील बस्ती | 82.12 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर


## नि:शुल्क नेल आर्ट व स्किन कंसल्टेशन सेशन का आयोजन

**ब्यावर** (निसं) वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट द्वारा वर्द्धमान कॉलेज परिसर में नेल आर्ट, स्किन कंसल्टेशन, तथा स्किन टोन के अनुसार उपयुक्त फैब्रिक चुनने की कंसल्टेशन जैसी सुविधाएँ नि:शुल्क रूप से प्रदान की गयी।इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने विभाग द्वारा किए जा रहे इन आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के द्वारा महिलाओं में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार होता है जिससे वो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ने का प्रयास करती है। महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने महिलाओं के लिए श्रृंगार की उपयोगिता व इसके द्वारा आय अर्जन के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और इन सेवाओं का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम में सहभागी हुई महिलाओं ने बताया कि इस तरह की पहल न केवल सौंदर्य संबंधी जागरूकता बढ़ाती है।

# शाखा में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह सम्पन्न

■ कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. मधुर मोहन रांगा ने 'विकसित भारत का संकल्प' विषय पर संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को विद्या, शिक्षण, कौशल, व्यावसायिक शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया

**अजमेर ।** भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुभाष स्कूल, गंज अजमेर में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा सचिव दीपक चोपड़ा ने बताया कि परिषद द्वारा अब तक दस विद्यालयों में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. मधुर मोहन रांगा ने 'विकसित भारत का संकल्प' विषय पर संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को विद्या, शिक्षण, कौशल, व्यावसायिक शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता बताते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की आधारशिला रखते हैं। विशिष्ट अतिथि सतीश बंसल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे प्रतिदिन प्रात:काल माता-पिता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत करें। उनके अनुसार माता-पिता का आशीर्वाद जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे बड़ा संबल है।

विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर शर्मा, अति जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक), ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं नियमित अध्ययन के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आत्मनियंत्रण और कर्तव्यनिष्ठा ही व्यक्तित्व निर्माण की कुंजी हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष महेंद्र कुमार रांका ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य निर्माण की शपथ दिलाई।

समारोह के दौरान 27 प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को माल्यार्पण व उपरणा पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही अतिथियों, शिक्षकगणों एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ तुलसी पौधे वितरित किए गए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रुचिका अग्रावत ने तुलसी पौधे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में परिषद के सदस्य विनोद डीडवानीया, नीरज कोठारी, सुरेश राठी, ओमप्रकाश देवानी, के.के. अग्रवाल, गिरीश गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## ब्यावर में जागरण का स्वर

**ब्यावर** (निसं) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय शपथ कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने अपने संबोधन में कहा कि नशा युवाओं के भविष्य, परिवारों की खुशहाली और समाज की प्रगति का सबसे बड़ा अवरोधक है।

उन्होंने युवाओं से विशेष आव्हान किया कि वे नशे से दूर रहें, अपने साथियों को भी जागरूक करें और नशा मुक्त अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने में सहयोग करें।जिला कलेक्टर ने बताया कि पुलिस प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य एजेंसियों द्वारा जिले में निरंतर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक युवाओं और परिवारों को नशे के दुष्परिणामों से बचाया जा सके।


**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक: योजना/2025-26/ — सार्वजनिक सूचना — दिनांक:

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सोनिया शर्मा पत्नि श्री विशाल शर्मा निवासी ई-162, शास्त्रीनगर, अजमेर के द्वारा नगर निगम की शास्त्रीनगर योजना के आवासीय भूखण्ड सं. ई-162 क्षेत्रफल 500 वर्गगज का नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज सलंग्न कर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2025-26/159840 दिनांक 7.11.2025 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री एन.डी. शर्मा पुत्र श्री जे.डी. शर्मा के नाम से दर्ज है। श्री एन. डी. शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 6.6.1998 को हो चुका है। श्री एन.डी. शर्मा की मृत्यु के पश्चात श्री सचिन दत शर्मा पुत्र श्री एन.डी. शर्मा एकमात्र वारिसान होने के कारण सम्पति के विधिक वारिस है। श्री देवेन्द्र कच्छावाह वहैसियत अपर जिला न्यायाधीश द्वारा श्री सचिन दत शर्मा जरिये निष्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 2.4.2003 के द्वारा श्री सुन्दर लाल शर्मा पुत्र श्री गणेशी लाल शर्मा के नाम से निष्पादित की गई है। श्री सुन्दर लाल शर्मा जरिये पंजीकृत वसीयत दिनांक 16.1.2013 के द्वारा श्रीमती सोनिया शर्मा पत्नी श्री विशाल शर्मा को वसीयत निष्पादित की गई। श्री सुन्दर लाल शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 29.10.2019 को हो चुका है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने/पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। — कीर्ति कुमावत, उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर



**कार्यालय ग्राम पंचायत लाम्बा, पंचायत समिति हुरड़ा, जिला-भीलवाड़ा**

क्रमांक: ग्रा.पं.ला./नि/04 दिनांक:17.11.25

**ई-निविदा सूचना-2025-26**

ग्राम पंचायत लाम्बा,पंचायत समिति हुरड़ा की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु पंचायत की एसएफसी के उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास कार्यों की मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी सभी शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत लाम्बा में देखी जा सकती है।

NIB No - ZAJ2526A1147 UBN No- ZAJ2526WSRC02287

प्रशासक, ग्राम पंचायत लाम्बा, पं.स. हुरड़ा, भीलवाड़ा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लाम्बा, पं.स. हुरड़ा, भीलवाड़ा



**अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर**

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आनंद रावल पुत्र श्री सुखदेव रावल निवासी-1066/52, नई बस्ती, जेलर वाली गली, लोहाखान, अजमेर (राज.) राजस्व ग्राम लोहागल के खसरा संख्या 1301 प्लॉट नं. 15 व 16 का उत्तरी भाग (10x49) क्षेत्रफल 132.33 वर्गमीटर के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जाएगी। - उपायुक्त(उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर



**अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर**

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीपक रील पुत्र श्री राधाकिशन रील निवासी-श्मशान रोड, भोपों का बाड़ा, अजमेर (राज.) राजस्व ग्राम लोहागल के खसरा संख्या 1301 प्लॉट नं. 17 व 16 का दक्षिणी भाग (10x49) क्षेत्रफल 125.02 वर्गमीटर के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जाएगी। - उपायुक्त(उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर



**अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर**

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धर्मेन्द्र सिंह आमेरा पुत्र भवानी सिंह आमेरा, राजस्व ग्राम चौरसियावास के खसरा संख्या 1494 प्लाट नं. क्षेत्रफल 185.00 वर्गगज के भूखंड का पट्टा दिनांक 23.11.2009 पट्टा क्रमांक 1041 जारी है व पत्रावली सं. एफ-1322 की मूल पत्रावली अजमेर विकास प्राधिकरण कार्यालय में खो गई है जिसकी रिपोर्ट ONLINE LR NO- 2938150/2025 से दर्ज है। किसी भी व्यक्ति को उक्त पत्रावली मिले तो उसे अजमेर विकास प्राधिकरण में कार्यालय समय में उपस्थित होकर जमा करावे। - उपायुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर



**आम सूचना**

मेरी पुत्री मनीषा पुत्री भोलू जाति जाट निवासी ग्राम आकोड़िया की मृत्यु दिनांक 5.12.2020 को मेरे निवास स्थान ग्राम आकोड़िया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत आकोड़िया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी पुत्री मनीषा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बावत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। - प्रार्थी- भोलू पुत्र रामलाल जाति जाट, निवासी ग्राम आकोडिया, तहसील अराई, अजमेर


## 'स्वदेशी और आर्थिक राष्ट्रवाद' पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

**अजमेर ।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल, चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के मार्गदर्शन में 'स्वदेशी और भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर के खुले प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें कुल 30 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय के पक्ष तथा विपक्ष दोनों ही दृष्टिकोणों से प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने वक्तव्यों में कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की मजबूत आधारशिला है। वहीं कुछ वक्ताओं ने यह मत रखा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में भारत को स्वदेशी के साथ-साथ गुणवत्ता, नवाचार तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों में भी निरंतर वृद्धि पर ध्यान देना आवश्यक है। यह आयोजन विद्यार्थियों में स्वदेशी और आर्थिक राष्ट्रवाद जैसे विषयों पर संवाद, चिंतन और जागरूकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। स्पर्धा में दीपक कुमार साहू ने प्रथम, अभिषेक मिश्रा ने द्वितीय और अनुराग पांडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृतिचिह्न और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम के दौरान संवाद को और गहन बनाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन चार सदस्यीय निर्णायक मंडल-डॉ. टी. संगीता, डॉ. सुरेश पात्रा, डॉ. प्रांता प्रतिक पटनाईक और डॉ. के. बी. आगाड़ी-द्वारा किया गया। निर्णायकों ने वक्तृत्व-कौशल, तार्किकता, प्रस्तुति शैली और उत्तर देने की क्षमता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षण मंडल, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई के उपाध्यक्ष डॉ. शैलेश पाटीदार, सचिव डॉ. धनेश्वर पृष्टी, सह सचिव डॉ. प्रमोद कांबले, व्यवस्था प्रमुख डॉ. अखिल अग्रवाल, सह व्यवस्था प्रमुख डॉ. काशीनाथ मैत्री, सह व्यवस्था प्रमुख डॉ. गजानन सर्वज्ञ और कोर कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त भारतीय शिक्षण मंडल, चित्तौड़ प्रांत के प्रकाशन प्रमुख डॉ. अक्षांश भारद्वाज तथा सह व्यवस्था प्रमुख डॉ. धनंजय तिवारी भी शामिल हुए।

## सड़क का कार्य शीघ्र शुरू

**मदनगंज-किशनगढ,( निस)।** किशनगढ में शहरी क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत एवं उन्नयन कार्यों में शेष रहे रूपनगढ रोड आर ओ बी (पुलिया) की सड़क पर बी टी कार्य इसी सप्ताह में शुरू होगा। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी द्वारा क्षितठास्त सड़क के जारी कार्य आदेशानुसार बी.टी. कार्य शीघ्र शुरू कराने हेतु जोर दिये जाने पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रवि बंसल ने इसी सप्ताह कार्य शुरू करने के आश्वस्त किया। पाटनी ने बताया कि तेजस रिसर्च एंड डेवलपमेंट सॉल्यूशन को नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सी सी. व बी टी. सड़कों का पैकेज के रूप में कार्य दिया गया था, लेकिन आर ओ बी आदि की सड़क का कार्य नहीं किये जाने से नई निविदा से जारी कार्य आदेश से अन्य ठेकेदार द्वारा शीघ्र कार्य शुरू किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत एवं उन्नयन कार्यों के लिये नगर परिषद क्षेत्र के लिये आबंटित दो करोड रुपयो के प्रस्तावित अंबेडकर सर्किल से खिड़की वाले बालाजी तक की सी सी. रोड सहित किए गये अन्य कार्यों में रूपनगढ़ रोड आर ओ बी की टूटी-फूटी क्षतिग्रस्त सडक का बी टी कार्य शेष रह गया।

## राजस्थान पेंशनर समाज पेंशनर दिवस मनाएगा

**ब्यावर** (निसं) राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा कार्यकारिणी की एक अति आवश्यक मीटिंग अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई । 17 दिसंबर पेंशनर दिवस के रूप में मनाया जाता है, 17 दिसंबर 1983 को सर्वोच्च न्यायालय भारत सरकार ने डीएस नकारा द्वारा किए गए वाद की सुनवाई करते हुए अपना निर्णय सुनाया कि " पेंशन प्राप्त करना सेवानिवृत कर्मचारियों का हक है। सरकार द्वारा सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन का दिया जाना कोई अनुकंपा नहीं है " कोई भी सरकार सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन देने से मना नहीं कर सकती ।उस दिन से ही 17 दिसंबर का दिन पेंशन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।इस बार राज्य सरकार एवं प्रदेश पेंशनर समाज जयपुर द्वारा यह आदेश दिया गया कि इस 17 दिसंबर पेंशनर दिवस को प्रत्येक जिले की जिला शाखाओ एवं उप शाखाओ के स्तर पर बहुत ही उत्साह के साथ बनाया जाएगा इस दिन कोई भी जिला शाखा अथवा उप शाखा अपना वार्षिक सम्मेलन आयोजित नहीं करेगी । उपरोक्त आदेश की पालना में आज पेंशनर समाज ब्यावर की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग मेंउक्त निर्णय हाथ उठाकर ध्वनि मत से पारित हुए। 17 दिसंबर 2025 बुधवार को अपना पेंशनर दिवस राज दरबार गार्डन एवं राज रेस्टोरेंट के बड़े हॉल में आयोजित करेगी ।) इस समारोह में जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक , नगर परिषद आयुक्त ,जिला कोषाधिकारी के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मेहमान के रूप में आमंत्रित करेगी। पेंशनर दिवस की सौगात देने वाले पेंशनर डी एस नकारा जी की तस्वीर को दीप प्रज्वलंनकर माल्यार्पण किया जाएगा तथा उनके द्वारा किए गए पेंशनर हित के कार्यों को मीटिंग में विस्तृत रूप से बताया जाएगा।

समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे । पेंशनरों के लिए कुर्सी रेस एवं रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम में विचार रखने वालों में मुख्य संरक्षक महोदय श्री गणपत सिंह मुग्धेश , मुख्य संरक्षक सत्यनारायण सांखला , सांक मंडल सदस्य कन्हैया लाल बागडी , संरक्षक मंडल सदस्य अब्दुल जब्बार , वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम सरवर ,ओमप्रकाश अठावाल राधेश्याम शर्मा आदि ने अपने विचार रखें । कार्यक्रम का संचालन सचिव हेमंत दीक्षित ने किया ।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गगवाना पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)**

क्रमांक: ग्रा.पं.गगवाना/निविदा/2025-26/165 दिनांक:18.11.25

**ई-निविदा सूचना-04/2025-26**

ग्राम पंचायत गगवाना में कचरा संग्रहण केन्द्र (राशि रूपये 09.37 लाख) हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा दिनांक 18.11.2025 से 27.11.2025 तक आमंत्रित की जाती है।विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No - ZAJ2526A1412 UBN No- ZAJ2526WSOB01507

प्रशासक, ग्राम पंचायत गगवाना, पं.स. अंराई, अजमेर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गगवाना, पं.स. अंराई, अजमेर



**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/5044 — आम सूचना — दिनांक:18-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 304/5 का भूखण्ड संख्या 30 का कुल 98.33 वर्गगज आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय/साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती पार्वती टांक पत्नि श्री मुकेश टांक निवासी केशव विहार कॉलोनी कृष्णापुरी मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर | मदनगंज खसरा 304/5 98.33 वर्गगज | आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु |

-आयुक्त, नगर परिषद किशनगढ़



**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/5009 — आम सूचना — दिनांक:17-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम किशनगढ-बी के खसरा 360 का भूखण्ड संख्या 46 व 47 का कुल 325.00 वर्गगज आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय/साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती राजेश शर्मा पत्नि ओमप्रकाश शर्मा निवासी गणेशजी के मंदिर के पास संस्कृत विद्यालय के सामने शिवाजी नगर मदनगंज किशनगढ़ | किशनगढ़-बी खसरा 360 325.00 | आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु |

-आयुक्त, नगर परिषद किशनगढ़


## नशा मुक्त के लिए शपथ ग्रहण

**अजमेर ।** नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को मंडल कार्यालय, अजमेर के पोर्च में रखा गया। जिसमे मंडल कार्यालय में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों को शपथ दिलाई ।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक विकास बूरा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी रघुवीर सिंह चारण सहित अन्य शाखा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रतिज्ञा भी ग्रहण की गई।

# सरस डेयरी परिसर में 72वाँ अखिल भारतीय सहकार सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया

■ दुग्ध सहकारिता ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भविष्य में इसकी उपयोगिता और भी बढ़ेगी जिसमे लोगों को और अधिक सुविधा मिलेगी

**अजमेर ।** अजमेर सरस डेयरी परिसर में आज 72वाँ अखिल भारतीय सहकार सप्ताह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद चौधरी ने सहकारिता को ग्रामीण भारत की आर्थिक रीढ़ बताते हुए कहा कि सहकारिता ही आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि दुग्ध सहकारिता ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भविष्य में इसकी उपयोगिता और भी बढ़ेगी । चौधरी ने बताया कि अजमेर डेयरी किसानों को समय पर भुगतान, दूध की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कई नवाचारों तथा योजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि लॉकडाउन जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी डेयरी ने अपनी सेवाएँ बिना रुके जारी रखकर सहकारिता की मिसाल पेश की। जीएसटी लागू होने और प्लांट निर्माण के दौरान आई कठिनाइयों का भी उन्होंने विस्तार से उल्लेख किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ अजमेर खंड, संजय कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। चौधरी ने उन्हें डेयरी की कार्यप्रणाली, विस्तार योजनाओं और वर्तमान चुनौतियों से अवगत कराया। डेयरी के प्रबंध संचालक रामलाल चौधरी ने कहा कि अजमेर डेयरी ने पारदर्शिता, गुणवत्ता और किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रगति की है। उन्होंने बताया कि उत्पादक समितियों को सशक्त बनाने, आधुनिक तकनीक अपनाने, प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने और किसानों के लिए लाभकारी योजनाओं को लागू करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अतिरिक्त रजिस्ट्रार संजय कुमार ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास का मूल स्तंभ है और दुग्ध सहकारिता आत्मनिर्भर भारत के लिए अत्यंत प्रभावी मॉडल के रूप में उभर रही है। उन्होंने अजमेर डेयरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डेयरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। उपरजिस्ट्रार राजीव कुमार ने कहा कि सहकारी समितियाँ किसानों तक सीधे लाभ पहुँचाने की सबसे सफल प्रणाली हैं। उन्होंने अजमेर डेयरी की पारदर्शी प्रणाली तथा किसानों केंद्रित कार्यशैली की प्रशंसा की। प्रबंध संचालक, अजमेर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, हरीश सिवासिया ने कहा कि बैंक और डेयरी के बीच का तालमेल किसानों की आर्थिक उन्नति में प्रमुख भूमिका निभाता है। सहकारिता मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थिर और मजबूत बनाता है। विशेष लेखा परीक्षक अनिल गोयल ने कहा कि कसी भी सहकारी संस्था की सफलता की नींव मजबूत वित्तीय अनुशासन पर टिकी होती है, और इस दिशा में अजमेर डेयरी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। संचालक मंडल की भागीदारी-- कार्यक्रम में संचालक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें छोगा लाल चौधरी, दिनेश सिंह राठौड़, मोती गुर्जर, लादूराम शर्मा, भागचंद घासल, राजेंद्र कुमार चौधरी और रूपचंद नुवाद शामिल थे। कार्यक्रम का समापन सहकारिता की अवधारणा को और अधिक सुदृढ़ करने, किसानों और दुग्ध उत्पादकों को अधिक लाभ पहुँचाने तथा सहकारी समितियों को मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया। उपस्थित जनों ने सहकारिता सप्ताह के इस आयोजन को ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। अजमेर डेयरी के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


**-आम सूचना-**

मैं अपने पक्षकार श्री श्याम सुन्दर सारस्वत पुत्र स्व. श्री प्रेमराज सारस्वत उम्र लगभग 55 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नं. 04 संतोषी माता कि ढाणी बड़ी बस्ती पुष्कर की ओर से सभी आमजन एवं प्रशासन को सूचित करता हूं कि मैंने वर्ष 2018 में अपने पुत्र भगवती प्रसाद सारस्वत व उसकी नाता पत्नि ललिता सारस्वत पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी तहसील दूदोली जिला डीडवाना को रोज-रोज के झगड़ों से परेशान होकर व मेरे व मेरी पत्नी के कहने में नहीं होने के कारण अपनी समस्त संपति व अधिकारों से पुत्र व पुत्रवधु को घर से बेदखल कर दिया था। वर्तमान में मेरा पुत्र व उसकी पत्नी व ससुराल पक्ष में बहकावें व दबाव में आकर मुझे व मेरी पत्नी को सम्पति नाम करने व सम्पति नहीं देने पर आत्महत्या करने की धमकी देता है। यदि भविष्य में ऐसी कोई घटना कारिता होती है तो उसके जिम्मेदार स्वयं भगवती प्रसाद व उसकी पत्नी व ससुराल पक्ष होंगे। एडवोकेट- रोहन पाराशर



**इकाई कार्यालय, रीको किशनगढ़,**

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ़ चतुर्थ-चरण में भूखण्ड सं. एफ-212 क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर का आवंटन मैसर्स हरिश मार्बल प्रोपराईटर श्री सुखलाल सिवासिया को भूखंड सं. एफ-212 क्षेत्रफल 1000 वगमीटर वरि० क्षेत्रीय प्रबंधक, अजमेर के पत्र क्रमांक RM/AJM/LAND/2826-30 दिनांक 16.11.2001 को किया गया था। भूखंड की लीज एग्रीमेंट दिनांक 8.3.2007 को निष्पादित करवाकर उपपंजीयक कार्यालय किशनगढ़ में दिनांक 8.3.2007 को पंजीबद्ध करवाई गई। यह कि उक्त भूखण्ड के प्रोपराईटर श्री सुखलाल सवासिया का दिनांक 2.7.2021 को स्वर्गवास हो जाने बाबत इनके पुत्र श्री मुकेश कुमार द्वारा कार्यालय में इनके पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र (मृत्यु दिनांक 2.7.2021) की प्रति सजरा प्रमाण पत्र दिनांक 20.7.2021 की प्रति तथा इनकी माता के मृत्यु प्रमाण पत्र (मृत्यु दिनांक 17.9.2008) की प्रति एवं सजरा अनुसार विधिक वारिसान श्रीमती मधु नागर(बहन) पुत्री स्व० श्री सुखलाल सिवासिया पत्नी श्री मोहनलाल नागर के द्वारा अपने भाईयों (श्री हरीश कुमार सिवासिया एवं श्री मुकेश कुमार सिवासिया पुत्रगण स्व० श्री सुखलाल सिवासिया) के पक्ष में उक्त भूखंड संख्या एफ-212 के हक को हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) 10.2.2025 के द्वारा त्याग दिया है। इस संबंध में श्री हरिश कुमार सिवासिया एवं श्री मुकेश कुमार सिवासिया पुत्रगण स्व० श्री सुखलाल सिवासिया ने उक्त भूखण्ड को स्वयं के पक्ष में हस्तान्तरण करने बाबत उक्तानुसार दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन किया है तथा फर्म का नाम मैसर्स हरीश मार्बल ही रखे जाने हेतु साझेदारी डीड दिनांक 16.06.2025 को निष्पादित की गई है। अतः उक्तानुसार भूखंड सं. एफ-212 क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर का हस्तान्तरण 1. श्री हरीश कुमार सिवासिया पुत्र स्व० श्री सुखलाल सिवासिया एवं 2. श्री मुकेश कुमार सिवासिया पुत्र स्व० श्री सुखलाल सिवासिया साझेदारी फर्म मैसर्स हरिश मार्बल के पक्ष में नियमानुसार किया जाना है। अतः उक्त भूखंड सं. एफ 212 क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर के लीज होल्ड राईटस 1. श्री हरीश कुमार सिवासिया एवं 2. श्री मुकेश कुमार सिवासिया पुत्रगण स्व० श्री सुखलाल सिवासिया के नाम हस्तान्तरण करने से पूर्व आपतियां आमंत्रित की जाती है कि किसी भी व्यक्ति/अन्य कोई वारिस/परिवार के किसी सदस्य/व्यक्ति/संस्था /वित्तीय संस्थान, किसी भी विभाग को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिवस में इस कार्यालय को अपनी आपति मव साक्ष्य के लिखित में प्रस्तुत करें, बाद उक्त मियाद के भूखंड संख्या एफ 212 क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर का हस्तान्तरण 1. श्री हरीश कुमार सिवासिया पुत्र स्व. श्री सुखलाल सिवासिया एवं 2. श्री मुकेश कुमार सिवासिया पुत्र स्व. श्री सुखलाल सिवासिया साझेदारी फर्म मैसर्स हरीश मार्बल के नाम से कर दिया जावेगा, एवं इसके पश्चात दर्ज एतराज को अवैध मानकर उस पर गौर नहीं किया जायेगा। -अजय विश्वकर्मा, इकाई प्रभारी, रीको किशनगढ़